कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन-शाखा)
मध्य प्रदेश, सतपुड़ा भवन, भोपाल

दूरभाष एवं फैक्स नं0 0755–2674354 E-mail: apccfproduction@gmail.com

आवश्यक

क्रमांक / निर्वर्तन / 1366   भोपाल, दिनांक : 16 / 04 / 2013

प्रति,

समस्त मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक (क्षेत्रीय)
(मध्यप्रदेश)

विषय :– वनोपज के धोष विक्रय की सूचना का प्रकाशन।

संदर्भ :– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/निर्वर्तन/3334 दिनांक 06.08.2011

*****

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। विज्ञापन व्यय में मितव्ययिता की दृष्टि से विभाग में प्रतिमाह होने वाले वनोपज नीलाम की सूचना मुख्यालय स्तर से प्रकाशित करवाये जाने का निर्णय लिया गया था। साथ ही नीलाम विज्ञापन हेतु जानकारी निर्धारित प्रपत्र में नीलाम के पूर्ववर्ती माह की 10 तारीख तक भेजने हेतु निर्देशित किया गया था, ताकि समय सीमा में विज्ञापन का प्रकाशन कराया जा सके।

यह देखने में आ रहा है कि कतिपय मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक/वन मंडलाधिकारी, अपने स्तर से काष्ठागार/बांसागार में होने वाले नीलाम का विज्ञापन प्रकाशित करवा रहे है। अलग-अलग स्तर से विज्ञापन का प्रकाशन कराये जाने से विज्ञापन में अनावश्यक रूप से व्यय अधिक हो रहा है। अतः मितव्ययिता की दृष्टि से पूरे माह में होने वाले वनोपज नीलाम की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में पूर्ववर्ती माह की 10 तारीख तक आवश्यक रूप से इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– निर्धारित प्रपत्र

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)
म0प्र0, भोपाल

पृ.क्रमांक / निर्वर्तन / 1367   भोपाल, दिनांक : 16 / 04 / 2013

प्रतिलिपिः– समस्त वनमंडलाधिकारी (उत्पादन) एवं (सामान्य–उत्पादन कार्य) मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)
म0प्र0, भोपाल

प्रपत्र

<u>वनोपज के घोष विक्रय की सूचना</u> वृत्त का नाम...माह.....................................

वनमण्डल का नाम तथा दूरभाष क्रमांक	काष्ठागार का नाम तथा दूरभाष/मोबाइल क्रमांक	नीलाम दिनांक	वनोपज का प्रकार	सागौन काष्ठ अनुमानित मात्रा		अन्य काष्ठ अनुमानित मात्रा		जलाऊ चट्टा अनुमानित मात्रा नग में	व्यापारिक बांस अनुमानित मात्रा नग	औद्योगिक बांस विक्रय इकाई	अन्य सामग्री	अवरोध मूल्य (लाख रू.में)
				लट्ठा घ.मी.	बल्ली/ डेंगरी नग में	लट्ठा घ.मी.	बल्ली/ डेंगरी नग में					
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
			नया									
			पुराना									
			नया									
			पुराना									
			नया									
			पुराना									

<u>टीप</u> :–
1. अन्य विवरण संबंधित काष्ठागार अधिकारी अथवा वन मंडल अधिकारी से कार्यालयीन समय में दूरभाष एवं ई–मेल से प्राप्त की जा सकती है।
2. नीलामी की शर्तें मध्यप्रदेश शासन वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 2343–2751–10–3–89 दिनांक 30.05.89 के अनुसार होगी।
3. काष्ठागार में नीलामी की प्रक्रिया प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर सूर्यास्त तक समाप्त कर दी जावेगी। यदि लॉटों संख्या/वनोपज की मात्रा अधिक हो, तो अगले दिन भी नीलामी रखी जा सकती है।
4. इमारती लकड़ी की नीलामी के प्रथम दिन भोजन अवकाश के बाद अपरान्ह 3:00 बजे से जलाऊ लकड़ी की नीलामी, की जावेगी। जलाऊ लकड़ी के नीलामी के पश्चात् ही शेष [illegible] काष्ठ की नीलामी की जावेगी।
5. इस विज्ञापन को www.mpforest.org पर देखा जा सकता है।

मिलकर करें यह। [illegible] अपने [illegible]

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक
.... वृत्त,...................................